# वेदांता ने कौशल विकास के जरिए 20 लाख लोगों के बेहतर भविष्य की राह बनाई



**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर, दुनिया की अग्रणी धातु, तेल एवं गैस, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी कंपनी वेदांता समूह ने आज बताया कि पिछले छह वर्षों में उसने अपनी कौशल विकास पहलों के माध्यम से लगभग 20 लाख लोगों को सशक्त बनाया है। इसके साथ ही, कंपनी ने सभी के लिए समान अवसर उपलब्ध कराने और भविष्य की जरूरतों के अनुसार सक्षम कार्यबल तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है। रोजगार के बेहतर अवसर बढ़ाने और हर आयु वर्ग, महिलाओं-पुरुषों तथा अलग-अलग समुदायों के लोगों के लिए आजीविका के स्थायी साधन तैयार करने के उद्देश्य से, वेदांता का कौशल विकास कार्यक्रम कई क्षेत्रों में काम करता है। इसमें व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण, महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहन, कृषि और किसानों की क्षमता बढ़ाने की पहल, खेलों के माध्यम से कौशल विकास और युवाओं को सशक्त बनाने वाले कार्यक्रम शामिल हैं। भारत सरकार के स्किल इंडिया मिशन, कौशल भारत अभियान और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के उस लक्ष्य के अनुरूप, जिसका उद्देश्य लोगों की क्षमता का बेहतर उपयोग कर उत्पादकता, रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देना है, वेदांता की ये पहल लोगों के लिए स्थायी आजीविका के नए अवसर तैयार कर रही हैं।